आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 14.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रदेश की देवली–उनियारा विधानसभा सीट पर कल मतदान के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा द्वारा उपखण्ड अधिकारी के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने आज नरेश मीणा को समरावता गांव से गिरफ्तार कर लिया। भारी पुलिस जाब्ते के बीच नरेश मीणा को हिरासत में ले जाया गया। इस दौरान पुलिस को मीणा के समर्थकों पर हल्का बल प्रयोग करना पडा। गिरफ्तारी के बाद गांव में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में बनी हुई है। इस बीच अजमेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ओम प्रकाश ने आकाशवाणी को बताया कि कल की घटना में अब तक चार मुकदमे दर्ज किये गये है और साठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि कल उप चुनाव में मतदान के दौरान देवली–उनियारा सीट पर समरावता गांव के मतदान केन्द्र पर निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने उपखण्ड अधिकारी से मारपीट की। इसके बाद क्षेत्र में तनाव फेल गया। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने आज कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी थी।

00000

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में 43वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का उद्‌घाटन किया। 14 दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न देश हिस्सा ले रहे है। इनमें चीन, मिस्र, ईरान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, तुर्किए और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। यह मेला आज से पहले पांच दिन तक व्यापारियों के लिए खुला रहेगा। 18 नवंबर से 27 नवंबर तक यह आम जनता के लिए खुला रहेगा।

**000000**

देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती आज बाल दिवस के रूप में मनायी जा रही है । इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। शिक्षण संस्थानों में पंडित नेहरू के जन्मदिवस पर बाल मेलों का आयोजन किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी की ओर से पंडित नेहरू को श्रद्धाजंलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया जा रहा है। इस मौके पर कई संगठनों की ओर से विचार गोष्ठियों का भी आयोजन रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री का स्मरण किया।

00000

आज विश्व मधुमेह दिवस मनाया जा रहा है। मधुमेह दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाली एक सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है। मधुमेह की रोकथाम, उपचार, प्रभावी प्रबंधन और इस रोग के बारे में जागरुकता के लिए हर साल 14 नवम्बर को विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है।
इस वर्ष विश्व मधुमेह दिवस का विषय "अवरोधों को तोड़ना और अंतरालों को कम करना" है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद–आईसीएमआर इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार भारत में लगभग दस करोड़ दस लाख लोग मधुमेह से पीड़ित हैं। विश्व मधुमेह दिवस के सिलसिले में आज प्रदेशभर में भी कई जागरूकता कार्यक्रम रखे गये है। चिकित्सा विभाग द्वारा कई जगह कैम्प लगाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच की जायेगी।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज कोटा के सर्किट हाउस में जनसुनवाई की और आमजन के परिवादों को सुना। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के यहां विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने आज जिले

के प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर कानून व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के साथ ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक संदीप शर्मा और भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

00000

गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव पखवाड़े के तहत गुरुद्वारों में धार्मिक आयोजन किये जा रहे  है। इस अवसर पर आज कई जगह संकीर्तन यात्रा निकाली गई । गुरूद्वारों में गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ और शबद कीर्तन कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान आकर्षक रोशनी से गुरूद्वारे सजाये गये है। पाली में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरुनानक देव की जीवनी पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 नवम्बर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 22 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं।

00000